दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूं न लिखूं सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 334 मुरादाबाद, 05 April 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## भूटान नरेश, प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई मुलाकात, द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर फोकस



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एयरपोर्ट पर भूटान नरेश का स्वागत किया। भूटान नरेश के भारत दौरे की अहमियत पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को भूटान नरेश ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई। इस बैठक में दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले भूटान नरेश जिग्मे खेसर नाम्गेल वांगचुक ने दिल्ली में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। बता दें कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नाम्गेल वांगचुक दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को भारत पहुंचे। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। भूटान नरेश के भारत दौरे की अहमियत पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे।

राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात-प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले भूटान नरेश ने राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भूटान के राजा मंगलवार शाम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति भवन में यह मुलाकात होगी। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा था कि डोकलाम विवाद के समाधान में चीन की भी भूमिका है। भूटान के प्रधानमंत्री के इस बयान को भारत के लिए झटका माना गया था। ऐसे में अब भूटान नरेश के भारत दौरे की काफी अहमियत है।

## हनुमानगढ़ी के महंत ने बंगला छिनने के बाद राहुल गांधी को दिया ऑफर, मंदिर परिसर में आकर रहें



हनुमानगढ़ी के एक महंत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अयोध्या के हनुमानगढ़ी के परिसर में आकर रहने का ऑफर दिया है। इसे कांग्रेस को उनके समर्थन के रूप में भी देखा जा रहा है।राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद लोकसभा सचिवालय की ओर से उन्हें आवंटित बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया था। इस नोटिस के बाद से कांग्रेस %मेरा घर, राहुल गांधी का घर% मुहिम चला रही है। कांग्रेस की ओर से चलाई जा रही मुहिम के बीच अब अयोध्या के एक महंत ने भी राहुल गांधी को हनुमानगढ़ी मंदिर में आकर रहने का ऑफर दिया है ।

अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत संजय दास ने राहुल गांधी को मंदिर परिसर में स्थित अपना आवास रहने के लिए देने का ऑफर दिया और कहा कि हम अयोध्या के संत इस पावन शहर में उनका स्वागत करते हैं। संजय दास ने कहा कि राहुल गांधी अगर हनुमानगढ़ी परिसर में आना और रहना चाहें तो उनका स्वागत है।उन्होंने ये भी कहा कि राहुल गांधी को अयोध्या जरूर आना चाहिए। संजय दास ने कहा कि राहुल गांधी को हनुमानगढ़ी आकर यहां प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हनुमानगढ़ी परिसर में कई आश्रम हैं। उनको ( राहुल गांधी को ) आकर हमारे आश्रम में रुकना चाहिए, हमें खुशी होगी। संजय दास के इस बयान को कांग्रेस के समर्थन के रूप में भी देखा जा रहा है।

## यूपी में अब एक ही आयोग करेगा बेसिक से लेकर उच्च शिक्षा के लिए शिक्षकों का चयन, सीएम ने दिए निर्देश



मुख्यमंत्री योगी ने बेसिक से लेकर उच्च शिक्षा के लिए शिक्षकों के चयन के लिए एक ही आयोग का गठन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए बनाए जाने वाले उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन को लेकर बैठक की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग% के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है। उच्च और माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक संस्थाओं के लिए प्रबंध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नेंस और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है।व्यावहारिक सुधारों के क्रम में, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन किया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाए। यह एकीकृत आयोग समयबद्ध चयन प्रक्रिया, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाए। नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। नवीन एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति जैसे महनीय पद अथवा भारतीय प्रशासनिक सेवा का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सदस्यों में वरिष्ठ न्यायाधीश और अनुभवी शिक्षाविदों को स्थान दिया जाए। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो।

### मुख्यमंत्री योगी बोले, समय पर कराएं टीईटी परीक्षा

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। नवीन आयोग द्वारा परिषदीय जूनियर बेसिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और संबद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती नवीन आयोग द्वारा ही की जानी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नवीन एकीकृत आयोग द्वारा ही चयन प्रक्रिया आयोजित की

## सिक्किम के नाथू ला में भारी हिमस्खलन, छह की मौत और 11 घायल; कई के फंसे होने की आशंका



हिमस्खलन मंगलवार दोपहर में करीब 12.20 बजे हुआ। इसमें घायल हुए छह लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। सिक्किम नाथू ला में भारी हिमस्खलन की खबर आ रही है। इस दौरान 11 पर्यटकों की मौत की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा 11 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। कई पर्यटकों के फंसे होने की आशंका भी बताई जा रही है। बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, हिमस्खलन मंगलवार दोपहर में करीब 12.20 बजे हुआ। इससे घायल हुए छह लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा शामिल है। घायलों को इलाज के लिए गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सिक्किम नाथुला सीमा क्षेत्र में बड़े हिमस्खलन से छह पर्यटकों की मौत होने और 11 लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई के ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से बताया कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर 14वें मील पर बचाव अभियान जारी है। बर्फ में फंसे 22 पर्यटकों को रेस्क्यू कर लिया गया है। सड़क से बर्फ हटाने के बाद 350 फंसे पर्यटकों और 80 वाहनों को भी बचा लिया गया है।

## हमेशा राजनेता की तरह पीएम मोदी ने किया व्यवहार, कभी नहीं की बदले की राजनीतिः गुलाम नबी आजाद



पूर्व राज्यसभा सांसद और डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी को उदार बताया है। वहीं, कांग्रेस के जी-23 नेताओं के भाजपा के करीबी होने के आरोप का उन्होंने खंडन कर दिया। विपक्ष के नेता के रूप में मैंने पीएम मोदी को नहीं बख्शा एएनआई से बातचीत में गुलाम नबी आजाद ने कहा, मैंने उनके साथ जो किया, उसके लिए मुझे मोदी को श्रेय देना चाहिए। वह बहुत उदार हैं। विपक्ष के नेता के रूप में मैंने उन्हें किसी भी मुद्दे पर नहीं बख्शा, चाहे वह धारा 370 हो या सीएए या हिजाब। मोदी ने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया आजाद ने कहा, उनके कुछ बिल मैने पूरी तरह फेल कर दिए, लेकिन मुझे उन्हें श्रेय देना चाहिए कि उन्होंने एक राजनेता की तरह व्यवहार किया, उसका बदला नहीं लिया। जी-23 पर क्या बोले आजाद?- पूर्व केंद्रीय मंत्री ने इस आरोप पर कि वह और जी-23 के नेता भाजपा के करीबी हैं, कहा कि ऐसा कहने वाले मूर्ख है। अगर त्र23 भाजपा का प्रवक्ता था तो उसे कांग्रेस ने सांसद क्यों बनाया? उन्हें सांसद, महासचिव और पदाधिकारी क्यों बनाया है? मैं अकेला हूं जिसने पार्टी बनाई है। बाकी लोग अभी वहीं हैं। यह दुर्भावनापूर्ण, अपरिपक्व और बचकाना आरोप है।पिछले साल कांग्रेस से आजाद ने दिया इस्तीफा- बता दें, गुलाम नबी आजाद ने 26 अगस्त 2022 को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोनिया गांधी को पांच पन्नों का इस्तीफा भेजा था। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा की जगह कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए।

## 'PM मोदी की चुप्पी का परिणाम भुगत रहा देश': चीन द्वारा अरुणाचल की जगहों के नाम बदलने पर कांग्रेस का बड़ा हमला



जयराम रमेश ने कहा कि हाल ही में एक शीर्ष चीनी राजदूत ने दावा किया था कि भारत चीन सीमा पर स्थिति अब स्थिर है लेकिन चीन की आक्रामकता जारी है। अब उसने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की जगहों के चीनी नाम जारी किए हैं। इससे पहले 2017 और 2021 में भी ऐसा किया गया था।%अरुणाचल प्रदेश की कई जगहों के नाम रखने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस का कहना है कि चीन को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा क्लीन चिट दे दी गई है। चीन की कार्रवाई पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि देश प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट दिए जाने का परिणाम भुगत रहा है।

### प्रधानमंत्री ने चीन को दी क्लीन चिट

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने ट्वीट में लिखा कि %तीसरी बार चीन ने हिमाकत की है कि वह अरुणाचल प्रदेश में हमारे इलाकों का नामकरण कर रहा है। 21 अप्रैल 2017 को छह जगहों, 30 दिसंबर 2021 को 15 जगहों और तीन अप्रैल 2023 को 11 जगहों के नाम रखे गए। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा। गलवान घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जो चीन को क्लीन चिट दी, उसी का परिणाम देश भुगत रहा है।

### जयराम रमेश ने उठाए सवाल

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि %हाल ही में एक शीर्ष चीनी राजदूत ने दावा किया था कि भारत चीन सीमा पर स्थिति अब स्थिर है लेकिन चीन की आक्रामकता जारी है। अब उसने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की जगहों के चीनी नाम जारी किए हैं। इससे पहले 2017 और 2021 में भी ऐसा किया गया था।% जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी की चीन को जून 2020 में दी गई क्लीन चिट और चीन की कार्रवाई पर पीएम की चुप्पी की कीमत देश चुका रहा है। जयराम रमेश ने कहा कि करीब तीन साल बाद चीन की सेना, भारतीय सैनिकों को रणनीतिक रूप से अहम देपसांग में पेट्रोलिंग नहीं करने दे रही है, जबकि पहले वहां पेट्रोलिंग होती थी। अब चीन अरुणाचल प्रदेश में यथास्थिति को बदलने की कोशिश कर रहा है।

### 11 जगहों के बदले चीन ने नाम

चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों का नामकरण किया है। ये नाम तिब्बती, चीनी और पिनइन लिपि में रखे हैं। जिन जगहों के नाम रखे गए हैं, उनमें दो आवासीय क्षेत्र, पांच पर्वतीय क्षेत्र और दो नदियों के नाम शामिल हैं। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने यह जानकारी दी है।

## संपादकीय Editorial

# Free jolt of electricity

Free tahrir also charges a price, here the price has got the property of free. Economics may not explain anything to politics, but the responsibility of financial management demands accounting. This calculation is giving electric shock to Himachal's economy by showing reality. In such a situation, every noor filled with political delicacy is enough to sink the budget. Now at the turn of reality, wearing a shroud of moonlight on the head, Himachal has broken all the illusions of power supply. Means the class which does not want free electricity will have to scratch its head due to expensive supply. When we asked common citizens in our weekly question whether they want free electricity, no such proposal was supported in many parties, but the government decisions are full of nails. It is not so easy to always address the public in a rational way about electricity, water or all similar facilities that on the one hand there is free electricity and on the other hand there is a new electricity bill. Domestic consumers will now have to pay 22 paise more for consumption above 125 units and 46 paise per unit for commercial and industrial purposes. Rates for vehicle charging stations are also being increased by 12 paise per unit. Now consumers spending more than 300 units of electricity will have to pay at the rate of Rs 5.22, thus those who do not want to live in the free market will now have to empty their pockets. That is, the government may have to do free meter reading for consumers up to three hundred units in the measure of its guarantee, but above this limit there is a clamor for new electricity rates. At present, a total of 14 lakh consumers of up to 125 units are getting free electricity. That is, out of total 24 lakh Himachali consumers, more than half are now owned by the government, so if the remaining ten lakh also come under the ambit of free 300 units, then how will the electricity rates go up. For the convenience of the public, let us tell you that if you consume even one unit more than 125, then the total bill for 126 units will be Rs 525.

The consumers who are filling the coffers of the government above this limit today, if they start receiving 300 units of free electricity tomorrow, then only the remaining consumers will save the loot of the Electricity Corporation. That is, now either the market, business, industry will help to meet the cost of electricity or the consumer who goes above three hundred units will have to loose his pocket. Tomorrow, when there will be free electricity till 300, then as soon as 301 units are consumed, a bill of one and a half thousand will come home. The power of electricity will now reside in the courtyard of big consumers or joint families. In such a situation, now the Electricity Corporation is dividing the intention of the consumers. Already some very clever citizens have divided their house into electricity meters in such a way that free electricity has now become a crutch of policies and has remained imprisoned. Tomorrow, in the same way, the motivation of getting free electricity will destroy the economic electricity of the corporation in the division of up to three hundred units. Obviously, on the one hand, the state has to make up for its revenue deficit in terms of power supply, and on the other hand, the economic reason has to be rejected in the declaration of election guarantee. In such a system of budget, the thieving tendency of looting the resources of the state will get shelter in a way, because the present rates will surely push the consumers into free generosity. Public contribution is paramount to the financial health of the state, but here the burden of freebies will increasingly drown out the cries of morality. The public can tolerate every increase in the interest of the state, but would not like to see such a magic that on one hand the cost of electricity keeps on increasing and on the other hand free bulbs keep on burning.


# Kangana Ranaut targeted desi children who speak Hindi in British accent, said- such people irritate



Kangana Ranot often garners discussion due to her rhetoric on social media. Ever since the actress has become active again on Twitter, she keeps giving her opinion on one issue or the other. Now he has targeted the children who speak Hindi in British accent. Bill introduced in Parliament of Italy - In fact, a user on Twitter reacted to the bill introduced in the Parliament of Italy, which banned all foreign languages including English. An appeal was made. So that communication in the country can be improved and culture can be maintained. Along with this, people's inclination towards English can also be reduced. Twitter user reacted to Italy's bill - Reacting to this bill of Italy, the user said, "You may hate me, but we should also do the same." Children in Gurugram only speak in English, but they can hardly understand Hindi, forget talking in Hindi." Children with British accent trolled- Reacting to this tweet surfaced on Twitter, Kangana gave her opinion and called children speaking Hindi in British accent as irritating. The actress said, "I know I'm inviting trolling, but to be honest, English speaking desi kids who speak Hindi in a second hand British accent are just irritating... whereas Those kids who have desi accent/swag and speak Hindi/ Sanskrit well are the best." Kangana will be next seen in Emergency Talking about Kangana's work front, the actress is currently working on the film Emergency. Recently, he informed about the completion of the shooting of the film. The teaser of Emergency has been released. Kangana will be seen in the role of Prime Minister Indira Gandhi in the film. The release date of the film has not been finalized yet, but the film will be released in the year 2023.

# Priyanka was seen wearing a dress made of 65 years old Banarasi Patola, it took so much time to prepare

Desi girl Priyanka Chopra has made her mark from Bollywood to Hollywood. His Hollywood series Citadel is about to release. Its trailer was released a few days ago. In this, Priyanka is going to be seen in a strong action avatar. Recently, the actress revealed the discrimination faced by her in the Bollywood industry, after which many people came in her support. Amidst all this, Priyanka has recently come to India and she also participated in the cultural event of Nita Mukesh Ambani. On the first day, the actress was seen in a beautiful gown, while on the second day also she wore a multicolored dress, which is very special in itself. Priyanka Chopra, who returned to India on Friday, attended the grand opening of the 'Nita Mukesh Ambani Cultural Centre' with Nick Jonas. On both the days, the actress looted a lot of limelight with her look. On the second day of this event, Priyanka appeared in a saree with a modern twist. However, this was no ordinary saree. It took about six months to prepare this special dress of Priyanka. The actress has told the specialty of this dress on social media. Sharing several pictures in her post, the actress wrote, 'This beautiful outfit was crafted from a 65 year old Banarasi Patola saree made of silver thread and gold electroplating on Khadi silk. It is paired with a sequin sheet holographic bustier to reflect the nine colors of the Ikat weave. It took Amit and his team around 6 months to create this masterpiece saree with vintage textiles handwoven in the craft cluster of Varanasi. Thanks to Amit and his talented team. Priyanka Chopra has also thanked Neeta and Isha Ambani. He wrote, 'Congratulations to Nita Ambani and Isha Ambani for creating an incredible exhibition of History Indian Fashion at the Nita Mukesh Ambani Cultural Center. Very proud of this best space and its ability to promote Indian art and design. Talking about Priyanka's workfront, her action web series Citadel is about to be released. The series will premiere on 28 April 2023 on Amazon Prime Video. Apart from this, she will also be seen in Farhan Akhtar's film 'Jee Le Zara'. He also has 'Love Again' in the pipeline.



# OTT Top 10 This Week: 'Fake' was the most liked on OTT, these web series also dominated the top 10

Over the top means that many films and web series are released every month on OTT. This is the space of the digital platform, where new streams keep happening continuously. This year, many shows were streamed on different OTT platforms. Some of these stories won the hearts of the audience, while some failed to make it to the list. In this episode, the Ormax media platform has released the list of top 10 shows of this week. These new shows on OTT- Various OTT platforms Netflix, Disney Plus Hotstar, Amazon Prime, G5, MX Player are constantly flooded with new content. Makers also bring content of the same genre keeping in mind the choice of different audiences. At the same time, seeing the craze of OTT, Bollywood's A-list actors are also not averse to debuting on this platform. The year saw stars like Shahid Kapoor, Aditya Roy Kapur and Rana Naidu making their OTT debuts. While Shahid's 'Farzi' is being showered with immense love by the audience, 'The Night Manager' is no less in this regard.List of Top 10 Series of Ormax this week - Ormax Media 24th to 30th March, 2023 Has released the list of top 10 shows till date. This is the show which has been liked by the audience a lot. In this, Shahid Kapoor's 'Farji' is on the first rung. In this show, along with Shahid, the acting of Vijay Sethupathi and Rashi Khanna was also highly praised. Apart from this, the different story of Bahubali star 'Rana Daggubati' show 'Rana Naidu' has also made its place in the top 10. This show also included in the top 10.Rocket Boys (Season 2) The Night Manager Hunter Pop Kaun Taj: Divide By Blood U (Season 4) Chor Nikal Ke Bhaga Gulmohar



# दवा कारोबारी के कलेक्शन एजेंट ने दोस्तों के साथ रची थी लूट की फर्जी कहानी, तीनों आरोपी गिरफ्तार



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- सम्भल के एक दवा कारोबारी को तीन लाख रुपये का चूना लगाने की कोशिश में तीन दोस्तों ने लूट की एक फर्जी कहानी गढ़ दी। कहानी के किरदारों में से एक युवक जहां दवा कारोबारी का ही कलेक्शन एजेंट था। तो अन्य दो युवक उसके जगरी दोस्त हैं। कथित तौर पर लूट की रकम में से दो लाख 40 हजार रुपये आरोपियों के कब्जे से बरामद करते हुए मंगलवार को बिलारी पुलिस ने तीनों दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक व दो मोबाइल फोन भी बरामद किया। लूट के तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने बताया कि प्रिंस मल्होत्रा पुत्र स्व. विपिन मल्होत्रा निवासी स्टेशन रोड, चन्दौसी सम्भल दवा कारोबारी हैं। वह बीके मल्होत्रा एण्ड संस स्टेशन रोड, चन्दौसी फर्म के मालिक हैं। एक देर रात फर्म मालिक ने सूचना दी कि उनके दो कर्मचारियों से तीन लाख रुपये की लूट हुई है। फर्म मालिक ने बताया कि रात करीब 9 से 10 बजे के बीच फर्म के कलेक्शन एजेंट मुकेश व रमेश बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद से चंदौसी आ रहे थे। विजयपुर मोड के सामने दो मोटर साईकिल सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी। दोनों एजेंट बाइक गिर पड़े। तभी बाइक सवार लुटेरों ने कलेक्शन एजेंट की बैग में रखे तीन लाख रुपये छीन कर फरार हो गए। मामले में लूट का मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी।

### मोबाइल के काल डिटेल ने खोले राज


मुरादाबाद। एसपी ग्रामीण ने बताया कि लूट की वारदात प्रकाश में आने के बाद बिलारी पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी। इस क्रम में सबसे पहले कलेक्शन एजेंट मुकेश से पूछताछ की गई। मुकेश के मोबाइल नंबर की पड़ताल में पता चला कि वारदात के ठीक पहले वह अपने दो दोस्तों से लगातार संपर्क में था। वाट्सएप काल के जरिए वह अपने दोस्त अरुण जाटव पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम पतरौआ थाना चन्दौसी व देवकुमार पुत्र अजय निवासी संजय कालोनी खुर्जा गेट थाना चन्दौसी, सम्भल के लगातार संपर्क में था। वारदात बाद एक सामान्य काल मुकेश ने अपने दोस्त देव कुमार को किया। मोबाइल फोन पर बातचीत करने के बाद भी वह वारदात के बाद मुकेश के संपर्क में होने से इन्कार कर रहा था। इतना ही नहीं मुकेश ने अपने मोबाइल फोन से भी काल डिटेल डिलिट कर दिया था। तभी पुलिस को संदेह हो गया। अरुण व देवकुमार के गिरफ्तार होते ही मुकेश के पूरे खेल का भंडाफोड़ हो गया।

### आंखों में दरोगा बनने का ख्वाब और पकड़ा अपराध की राह

मुरादाबाद। पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य प्रकाश में आए। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मुकेश, अरुण व देवकुमार गहरे दोस्त हैं। मुकेश व अरुण एक ही फर्म में एक साथ नौकरी करते थे। कुछ माह पहले अरुण ने नौकरी छोड़ दी। मुकेश ने बीए की पढ़ाई पूरी की है। जबकि देव बीकाम कर चुका है। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटा था। देव का सपना था कि वह दरोगा बनेगा। आर्थिक तंगी के शिकार तीनों दोस्तों ने हालात से उबरने की कोशिश में अपराध की राह चुन ली। लूट की योजना का सूत्रधार मुकेश है। मुकेश ने अपने दोस्तों को बताया कि वह फर्म में कलेक्शन का काम करता है। जिस दिन कलेक्शन अधिक होगा, **वह पहले ही जानकारी अपने दोस्तों को देगा।**

एक अप्रैल को तीन लाख रुपये की वसूली होने की जानकारी मुकेश ने अरुण व देव को दी। योजना के तहत बिलारी से चन्दौसी रवाना होते ही मुकेश ने अरुण व देव को गत्ता फैक्ट्री के समीप पुल के पास वारदात अंजाम देने को कहा। मुकेश की योजना से रमेश पूरी तरह अनभिज्ञ था। पटकथा के मुताबिक मुकेश के दोनों दोस्तों ने बाइक से पीछा किया। सरेराह मुकेश की बाइक को धक्का देकर अरुण व देव ने उसका बैग लूट लिया। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को भी दी थी। विवेचना के दौरान परिजनों की भूमिका की पुष्टि पर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होगी।

# कोरोना को लेकर बरतें सावधानी, जानकारी व मदद के लिए कंट्रोल रूम से करें संपर्क



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने को देखते हुए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण ने कोविड गाइडलाइंस पालन करने का अनुरोध जन सामान्य से किया है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कंट्रोल रूम के नंबरों पर संपर्क कर कोई भी जानकारी व सूचना का आदान प्रदान किया जा सकता है। जरूरत के लिए इन नंबरों पर फोन कर मदद ली जा सकती है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण के जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र ने सभी से अनुरोध किया कि मास्क जरूर पहनें तथा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करें। जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र ने बताया कि कोविड के संबंध में किसी भी पूछताछ के लिए एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर मुरादाबाद के दूरभाष नंबर 0591-2412728, मोबाइल नंबर- 9454416867, टोल फ्री नम्बर- 1077 पर सम्पर्क कर सकते हैं। क्या करें?- बिना मास्क पहने घर से बाहर ना जाएं। कृपया सोशल डिस्टेंसिंग ( दो गज की दूरी ) का पालन करें। भीड़ भाड़ वाले जगहों जैसे बाजार, मॉल, सिनेमा हॉल, रैली आदि जगहों पर जाने से बचें। थोड़ी-थोड़ी देर में हाथ को साबुन से धोते रहें अथवा हाथों को सेनेटाइज करते रहें। सार्वजनिक स्थानों पर जानें से बचें। सर्दी जुखाम, खांसी तथा बुखार होने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाएं। यदि आपके आस पास कोई व्यक्ति सर्दी जुखाम, खांसी तथा बुखार से पीड़ित हो तो, उससे दूर रहें तथा तुरन्त उसको डॉक्टर को दिखाने के लिए कहें। मन्दिर, गुरूद्वारे, मस्जिद तथा पूजा पंडालों से कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता का संदेश प्रसारित करें।

# आज से शुरू होगा भारत गौरव ट्रेन का संचालन, 11 दिन में पांच तख्तों के कराएगी दर्शन



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -आईआरसीटीसी की ओर चलाई जा रही भारत गौरव ट्रेन का संचालन पांच अप्रैल से शुरू होने जा रहा हैं। यह ट्रेन बुधवार को लखनऊ से चलाई जाएगी। मंडल के मुख्य मुरादाबाद समेत कई स्टेशनों से यात्री इस ट्रेन में सवार होंगे। यह ट्रेन हुजूर साहिब नांदेड़ समेत पांच तख्तों के दर्शन कराएगी। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि आईआरसीटीसी की ओर से संचालित भारत गौरव ट्रेन 11 दिन में पांच तख्तों के दर्शन कराएगी। यह ट्रेन बुधवार पांच अप्रैल को लखनऊ से चलेगी और अगले दिन छह अप्रैल को मुरादाबाद पहुंचेगी। जिसमें मुरादाबाद से श्रद्धालु सवार होंगे। उन्होंने बताया कि 11 दिन वाले इस पैकेज में आईआरसीटीसी ने ईएमआई का विकल्प भी दिया हैं। जिससे ट्रेन को यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह ट्रेन तख्त केशगढ़ साहिब ( आनंदगढ़ साहिब ), कीरतपुर साहिब, फतेहगढ़ साहिब, अकाल तख्त साहिब ( अमृतसर ), तख्त दमदमा साहिब ( बठिंडा ), तख्त हुजूर साहिब ( नांदेड़ ), गुरुद्वार गुरु नानक झीरा साहिब ( बिदर ), तख्त हरमिंदर साहिब ( तख्त साहिब ) के दर्शनों के लिए रवाना होगी। बुधवार को यह ट्रेन लखनऊ से शाम 5- 30 बजे चलेगी। जिसके बाद सीतापुर, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, आनंदपुर साहिब, सरहिंद, बठिंडा, अमृतसर, नांदेड़, बिदर, पटना साहिब तक जाएगी। भारत गौरव ट्रेन में स्लीपर, एसी तृतीय, द्वितीय व प्रथम श्री की बोगियां शामिल हैं।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
www.knlslive.com

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -कोतवाली क्षेत्र के गांव करसरा में सोमवार सुबह विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। जबकि मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पति, ससुर और सास को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोनी अग्रवाल, कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। मृतका के भाई पान सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसकी बहन कमलेश ( 23 ) की शादी तीन वर्ष पूर्व करसरा गांव निवासी रामनिवास पुत्र केहरी सिंह के साथ हुई थी। बताया कि उनका बहनोई अमरपुर काशी में बाइक रिपेयरिंग की दुकान करता है। वह शराब पीने का आदी है। पान सिंह को सुबह 9-30 बजे गांव के ही लोगों ने फोन पर सूचना दी कि तुम्हारी बहन की मौत हो गई है, जिसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो कमलेश का शव चारपाई पर रखा था। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर कमलेश को प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि वह 2.5 लाख रुपये और बाइक की मांग कर रहे थे। बताया कि पूर्व में 1.5 लाख रुपये भी उन्हें नकद दिए थे। विवाहिता की दो साल की बेटी पलक है। पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर पति रामनिवास, ससुर केहरी सिंह, मां रूमा देवी, ननद ज्योति, शीतल और देवर रोहित के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पति, ससुर और मां को गिरफ्तार कर लिया है।

# गजरौला से बेटी की दवा लेकर लौट रहे हलवाई की सड़क हादसे में मौत



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि मामले में मृतक के तहेरे भाई सोनू सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। अमरोहा के रजबपुर में सोमवार की रात गजरौला से बेटी की दवाई लेकर लौट रहे हलवाई मोनू ( 24 ) की सड़क हादसे में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रजबपुर थानाक्षेत्र के गांव पपसरा में हरपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। छोटा बेटा मोनू शादीशुदा है, उनकी एक साल की बेटी भी है। सोमवार की शाम मोनू अपनी बेटी की दवाई लेने गजरौला गए थे। यहां से रात करीब 8-45 बजे घर लौट रहे थे।

जैसे ही उसकी बाइक अतरासी पुल के पास पहुंची तभी तेज रफ्तार वाहन के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में मोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में मोनू को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी विजय कुमार राणा ने बताया कि मामले में मृतक के तहेरे भाई सोनू सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सपा में महापौर पद के लिए 35 ने की दावेदारी, 12 महिलाएं भी मैदान में




दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय चक्कर की मिलक पर महापौर पद अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तित होने पर नगर निकाय चुनाव के प्रभारी नगीना के विधायक मनोज पारस और मेरठ के विधायक रफीक अंसारी के सामने नगर निगम मुरादाबाद के महापौर पद के लिए आवेदन लिए गए। प्रभारी द्वय को पूर्व में सौंपे गए आवेदनों को मिलाकर कुल आवेदन 35 आवेदन प्राप्त हुए।

जिसमें 12 महिलाएं तथा 23 पुरुष शामिल रहे। पूर्व में हुए आवेदनों के अतिरिक्त अमित प्रजापति ने भी दावेदारी पेश की।इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष डीपी यादव, शाने अली शानू, देहात विधायक नासिर कुरैशी, कुलदीप तुरैहा एडवोकेट, तुंगीश यादव, अतहर हुसैन अंसारी, अनीसुद्दीन कातिब, कैसर अली कुद्दुसी, शीरीगुल, डॉ. इमरान अंसारी, नूह अंसारी, हारून पाशा, फरीद मलिक, अल्का दुबे, रहीस सैफी, मुशाहिद खां, हसीन जमाल, फाजिल मलिक, वसीम अख्तर, तौकीर अहमद, महेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिलो में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय मादक पदार्थों के तस्करों और नशा करने वालों के बीच अंतर करने पर कर रहा है विचार: सांसद संजीव अरोड़ा

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना - केंद्रीय गृह मंत्रालय ने क्षआप सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा द्वारा पूछे गए सवाल कि क्या सरकार ड्रग एडिक्ट्स को तस्करों से अलग करने के लिए कुछ यथोचित छोटे स्तर तक ड्रग्स रखने को अपराध की श्रेणी से बाहर करने पर विचार कर रही है, का विस्तृत जवाब दिया है। संजीव अरोड़ा ने आज यहां एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान एनडीपीएस अधिनियम के तहत आपराधिक मामलों में उनकी संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत या सजा के तहत जेल भेजे गए व्यक्तियों की संख्या के बारे में भी पूछा था। उनके सवालों में यह भी शामिल था कि कितने लोग अधिनियम के तहत वर्गीकृत कमर्शियल या मध्यवर्ती स्तर से कम मात्रा में ड्रग्स रखने में शामिल हैं। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या सरकार ने ऐसे कारावास के प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन शुरू किया है, जो सामान्य नशा करने वालों को कठोर अपराधियों में बदल देता है। संजीव अरोड़ा ने कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह भी कहा है कि तस्करों से ड्रग एडिक्ट्स को अलग करने के लिए केंद्र के पास कुछ यथोचित छोटे स्तर तक ड्रग्स के कब्जे को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हालांकि, यह मामला राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक एक्ट 1985 को प्रबंधन करने वाले नोडल मंत्रालय के विचाराधीन है। कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार और डीजीपी पंजाब गौरव यादव की निगरानी में पंजाब पुलिस पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने नशों के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ी है। इसके परिणामस्वरूप 16 मार्च 2022 से अब तक 13094 एफआईआर दर्ज कर अब तक 17568 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने केवल एक साल के दौरान अन्य बरामदगी करने के अलावा रिकॉर्ड 863.9 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में बड़ी संख्या में ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी हुई है और ड्रग्स की बरामदगी हुई है। अरोड़ा ने उम्मीद जताई कि डीजीपी पंजाब की निगरानी में चल रहे प्रयासों के और अधिक फलदायी परिणाम सामने आएंगे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नशा मुक्त राज्य बनाने का सपना आखिरकार साकार होगा।

# मासूम के अपहरण का मचा शोर, पुलिस-एसओजी शहर में दौड़ी, तीन घंटे बाद हुआ ऐसा कि खुशी से झूम उठा परिवार

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ-बच्ची के सकुशल मिलने के बाद जलालपुर चौकी प्रभारी अमित मलिक ने उसे गोद में उठा लिया सोफे के नीचे सो गई सिपाही की बेटी तीन घंटे तलाश। रोरावर क्षेत्र की संकल्प कालोनी की घटना अपहरण की उड़ी अफवाह। एसओजी समेत तीन टीमों ने की तलाश सीओ ने खुद खंगलवाए कैमरे। जिस सोफे पर बैठकर पुलिस ने लिखी तहरीर उसी के नीचे से निकली बेटी। अलीगढ़। सिपाही की बेटी अपनी दादी के साथ मंदिर से लौटकर घर आई और खेलते हुए सोफे के नीचे सो गई। कुछ देर तक बच्ची नहीं दिखी तो स्वजन घबरा गए। अफवाह उड़ गई कि नीले एक्टिवा स्कूटर सवार युवक ने बच्ची का अपहरण कर लिया है। एसओजी समेत तीन टीमें बच्ची की तलाश में जुट गईं। कैमरे खंगाले गए। करीब तीन घंटे बाद बच्ची खुद ही सोफे के नीचे से निकलकर बाहर आई तो उसकी मासूमियत के आगे पूरा तनाव पलभर में खत्म हो गया।

## अपहरण की तहरीर भी सोफे पर बैठकर लिखी गई

खास बात ये रही कि बच्ची के अपहरण की तहरीर भी उसी सोफे पर बैठकर लिखी गई, जिसके नीचे वह सो रही थी। मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। संकल्प एंक्लेव वसुंधरा कालोनी निवासी प्रवीन गौतम सीआइएसएफ में कांस्टेबल हैं। दिल्ली में उनकी तैनाती है। उनकी पांच वर्षीय बेटी नव्या सुबह दादी के साथ मंदिर गई थी। मंदिर के लौटकर आई। करीब पौने 10 बजे बच्ची घर में नहीं दिखी तो स्वजन ने तलाश शुरू की। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

## अपहरण का मच गया हल्ला

इंस्पेक्टर रोरावर राजेश कुमार, जलालपुर चौकी प्रभारी अमित मलिक मौके पर आए और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। तभी एक सब्जी वाले ने जानकारी दी कि बच्ची रो रही थी। एक्टिवा स्कूटर सवार युवक उसे बिठाकर ले गया है। उसने मास्क और हेलमेट लगा रखा था। इस पर खलबली मच गई। इंटरनेट मीडिया पर अपहरण की सूचना वायरल हो गई। सीओ प्रथम अभय कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और खुद कैमरे दिखवाने में लग गए।

## शहर में पुलिस को किया अलर्ट

पूरे शहर की लैपर्ड को अलर्ट करते हुए भ्रमणशील कर दिया गया। दो टीमें अलग-अलग कैमरे देखने व पूछताछ में लगाई गईं।
एक कैमरे में बच्ची मुहल्ले के पार्क के पास स्थित मंदिर में दादी के साथ जाती दिखी। 9~40 बजे घर वापस आ गई। करीब एक बजे बच्ची मेन गेट के पास पड़े सोफे के पास से बाहर निकल आई तो स्वजन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सीओ व इंस्पेक्टर ने बच्ची को दुलारा तो चौकी प्रभारी ने गोद में उठा लिया।

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण कराना अनिवार्य- जिलाधिकारी

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जन्म-मृत्यु पंजीकरण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण शासन की एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें प्रत्येक जन्म व मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य हैं। इससे सरकार को जनता के हित मे जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन एवं कार्यक्रम आदि करने मे सहायता मिलती है। साथ ही यह व्यक्ति की पहचान, पासपोर्ट, नागरिकता, स्कूल में प्रवेश आदि में आवश्यक होता है। इसी प्रकार मृत्यु प्रमाण पत्र भी सम्पत्ति, बीमा आदि का लाभ, वरासत, मृतक आश्रित लाभ आदि के प्रयोग में जरूरत होती है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु सी0एस0आर0 पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों/नगर निकायों में जन्म-मृत्यु पंजिकाएं बनाकर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म मृत्यु पंजीकरण हेतु प्रत्येक माह में कम से कम 5 पंजीकरण इकाईयों का निरीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा किया जाय। सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि आम जनमानस में जन्म-मृत्यु पंजीकरण/प्रमाण पत्र के बारे में जागरूकता लायी जा सके, ताकि जिले में शत-प्रतिशत लोगों की जन्म और मृत्यु का अंकन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सके। निजी चिकित्सालयों एवं ए0एन0एम0 को क्षेत्रीय रजिस्ट्रार द्वारा इंफार्मेन्ट आई0डी0 उपलब्ध करायी जाए, जिससे इंफार्मेन्ट द्वारा सी0एस0आर0 पोर्टल पर जन्म-मृत्यु की सूचना सम्बन्धित रजिस्ट्रार को आनलाइन भेजी जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जनपद में कार्यरत सभी पंजीकृत इकाईयों के रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं मृत्यु-जन्म का रजिस्टर अनिवार्य रूप से भरना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि संस्थागत/गैर संस्थागत मृत्यु के मामलों में मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणन (एम0सी0सी0डी0) हेतु फार्म-4/4(क) अनिवार्य रूप से भरा जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि इस कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जन्म/मृत्यु के प्रकरणों को समयान्तर्गत पंजीकरण अवश्य करायें। उन्होने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म-मृत्यु रजिस्टर हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर पालिका/नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी द्वारा एवं सभी चिकित्सालयों, सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जन्म-मृत्यु पंजिका में जन्म-मृत्यु का विवरण दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

**मोदी सरकार के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अधीन सविधान बचाओ मार्च आज बुधवार सुबह 10~00 बजे घंटाघर चौक से डिवीजन नंबर-03 चौक तक**



सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
लुधियाना - केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की रद की गई लोकसभा सदस्यता के मुद्दे को जनता तक पहुंचाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के अधीन आज जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी लुधियाना के अध्यक्ष संजय तलवाड़ द्वारा अपने मुख्यालय टिब्बा रोड में शाम सुंदर मल्होत्रा जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष , सुशील पराशर, परमिंदर मेहता, कोमल खन्ना के साथ पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सीनियर लीडरशिप के अधीन कल बुधवार को सुबह 10~00 बजे से घंटाघर चौक से डिवीजन नंबर-03 चौक तक फ़सविधान बचाओ मार्च के नेतृत्व में किय जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गई। इस मार्च में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी और ग्रामीण लुधियाना, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस शहरी और ग्रामीण, जिला लुधियाना के सभी निर्वाचन क्षेत्रों, सेवादल, ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, पार्षद, सरपंच, ब्लॉक समिति के अलग-अलग संगठन के कर्तव्यों, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। यह रोष मार्च भारतीय जनता पार्टी सरकार के कफन में आखिरी कील साबित होगा। इस रोष मार्च को लेकर लोगो में भारी उत्साह है।लोग शुरू से ही गांधी परिवार को और कांग्रेस पार्टी प्यार करते आ रहे है क्युकि कांग्रेस पार्टी शहीदों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि लुधियाना शहर का यह मार्च पंजाब के सभी जिलों से अधिक सफल होगा।

## एटा मे 23 लाख की चोरी से इलाके में मचा हड़कंप

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ- 5 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस ने दर्ज नहीं किया मुकदमा दर्ज एटा पुलिस बनी मोन चोर सक्रिय पुलिस निष्क्रिय एटा कोतवाली नगर क्षेत्र में आगरा रोड स्थित स्वास्थ्य विभाग की ओर से शील किए गए निजी अस्पताल का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी कर लिया अस्पताल संचालक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी अलीगढ़ के सियाखास बरौली थाना जवां क्षेत्र के निवासी पवन कुमार ने कहा उनके भाई अरुण प्रताप सिंह जेडएच डिग्री कॉलेज के समीप आराध्या हॉस्पिटल का संचालन करते थे 8 माह पूर्व स्वास्थ्य विभाग ने हॉस्पिटल को सील कर दिया था जिसमें एक महिला की इलाज के दौरान मौत हुई थी 29 मार्च की रात चोरों ने ताले तोड़कर बैटरी मीटर कई मशीन 6 मॉनिटर 3 एलईडी टीवी प्रिंटर वेंटिलेटर आदि ले गई 30 मार्च को लोगों ने अस्पताल का ताला टूटा देखा और पुलिस को सूचना की मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो उसमें से सामान गायब था सामान की कीमत लगभग ?23 लाख बताई गई है 5दिन बीत जाने के बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया पीड़ित दर-दर की ठोकर खा रहा है अब देखना होगा पीड़ित को एटा पुलिस न्याय दिला पाएगी या नहीं

## एडीए की मिलीभगत से रिहायशी नक्शों पर संचालित हो रहे होटल व हॉस्पिटल

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ-अलीगढ़। प्रदेश की योगी सरकार में जहां एक और प्रदेश में माफियाओं के हौसले पस्त हैं वहीं दूसरी ओर कुछ सरकारी विभागों के नुमाइंदे और अधिकारी उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी के दिशा निर्देश की खुलेआम धज्जियां उड़ाने से बाज नहीं आ रहे हैं। जहां एक ओर नामी-गिरामी कंपनी के नाम पर खुलेआम होटलों में चकलाघर संचालित हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर रिहायशी घर, मकान एवं भवनों के नक्शों पर धड़ल्ले से हॉस्पिटल भी संचालित किए जा रहे हैं। एटा चुंगी चौराहे से लेकर पनेठी तक जिसमे साफ साफ प्रतीत होता है कि एडीए अपनी आंख मूंदकर कुंभकरण की नींद सो रहा है। ऐसा भी नहीं है कि ऐसे संस्थान किसी की नजरों से चूक रहे हो । शहर के बीच से लेकर शहर के चारों कोनों तक ऐसे होटल और हॉस्पिटल संचालित हो रहे हैं जो कि नियमों की धज्जियां खुले तौर पर उड़ा रहे हैं । किसी शिकायतकर्ता के द्वारा ऐसे किसी मामले की शिकायत करने के बाद संबंधित अधिकारी व कर्मचारी नाम मात्र की नोटिस कार्रवाई करके और अपनी जेब गर्म करके शिकायत को बंद करना और निस्तारण करना दिखा देते हैं। मुद्दे की बात यह है कि आखिर यह सब संभव कैसे हो पाता है। जहां एक और एक आम आदमी अपने मकान का एक फीट का छज्जा भी बाहर गैर कानूनी तरीके से नहीं निकाल पाता है वहीं दूसरी ओर इतने धड़ल्ले से फेंचाइजी कंपनी के नाम पर होटलों में चकला घर और रिहायशी नक्शों पर हॉस्पिटल कैसे संचालित हो जाते हैं।

## निर्माणाधीन मकान पर डाला जा रहा था लेंटर गिरा,लेंटर के नीचे दो दबे,हुए गंभीर घायल



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा -मारहरा हनुमानचौक स्थित मार्ग पर बन रहे मकान का लेंटर भरभराकर गिर गया,जिसमे राजमिस्त्री एवं मकान स्वामी लेंटर के नीचे दबने से गंभीर घायल हो गए,दोनों का उपचार कस्बा के ही निजी अस्पताल में चल रहा है। बताते की कस्बा के हनुमानचौक स्थित मार्ग पर एक निर्माणधीन मकान पर लेंटर पड़ने का कार्य मशीन द्वारा चल रहा था इस दौरान मिस्त्री समेत 10 से 12 लोग काम कर रहे थे। सुबह लगभग 9 बजे से लेंटर डालने के काम चल रहा था।लेटर गिरने के दौरान तीन लोग ऊपर थे जिसमें मकान स्वामी समेत एक मिस्त्री एक मजदूर था।काम चलते में ही अचानक लेंटर गिरने से मारहरा क्षेत्र ग्राम सराय जरेलिया मकान स्वामी नरेश,ग्राम बुढ़री निवासी मिस्त्री देवी सिंह लेंटर के साथ ने गिर गए।आनन-फानन में आस-पड़ोस के लोगों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकाला एवं निजी अस्पताल ले जाया गया जहाँ दोनों का उपचार चल रहा है।लेंटर गिरने का कारण ठीक से सपोट न मिलना बताया जा रहा है।

# देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती - प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त पप्पू चौधरी उर्फ इकबाल स/ह मुंशरिफ उर्फ बाउर निवासी पटेलनगर थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को एक अदद देशी कट्टा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।


## हिस्ट्रीशीट गायब होने पर जुगेंद्र सिंह की डकैती कोर्ट में सुनवाई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- लूट और हिस्ट्रीशीट गायब होने के मामले में सोमवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव को जिला जेल से कोर्ट में पेश किया। इस दौरान काफी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। डीजीसी के अनुसार कोर्ट के आदेश की अवहेलना के मामले में वारंट जारी किया गया है।

न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेजा गया है। सपा नेता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव वर्तमान में जेल में निरूद्ध है। डीजीसी रेशपाल सिंह राठौर के अनुसार सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। अलीगंज थाना में दर्ज महिला के साथ लूट, छेड़खानी तथा हिस्ट्रीशीट गायब होने के मामले में डकैती कोर्ट में बहस हुई थी। डीजीसी के अनुसार लूट के मामले में कोर्ट के आदेश के अवहेलना की थी। कुर्की के नोटिस जारी होने के बाद यह हाजिर नहीं हुए थे, जिसमें उनके कोर्ट के आदेश के अवहेलना की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। डीजीसी के अनुसार कस्टडी वारंट जारी हुआ है। 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए है। डीजीसी के अनुसार हिस्ट्रीशीट गायब होने के मामले में भी अन्य कोर्ट में सुनवाई हुई थी।

## रॉयल पब्लिक एकेडमी स्कूल का 6 अप्रैल को राजू आर्य करेंगे उद्घाटन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा- विधानसभा क्षेत्र मारहरा के अंतर्गत गांव मुहारा स्थित फ़रॉयल पब्लिक एकेडमीफ़ स्कूल का भव्य उद्घाटन करने के लिए भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय संगठन मंत्री



एवं प्रमुख समाज सेवी, युवा दिलों की धड़कन रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य दिनांक 6 अप्रैल को स्कूल में समर्थकों के भारी काफिला के साथ पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूल के संस्थापक मुलायम सिंह जी, तथा निदेशक ओमकार सिंह, बलबेन्द्रसिंह, प्रेंसीपल, वाई एस नरेंद्र और उनके सहयोगी व समर्थक उद्घाटन समारोह की तैयारियों में अभी से जुटे हुए बताये गये हैं।यह भी बताया गया है कि स्कूल के प्रबंध तन्त्र द्वारा मुख्य अतिथि राजू आर्य को सम्मानित किया जाएगा।